दिनांक: 20.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज भीलवाड़ा जिले के प्रवास पर हैं। श्री बागड़े एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत कर रहे हैं। उनका भीलवाड़ा में सनातन संगम महोत्सव में शामिल होने का भी कार्यक्रम है। इसके बाद वे जोधपुर के लिए रवाना होंगे। राज्यपाल लोरड़ी पंडितजी गांव के पास सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय में बैठक करेंगे।

000

जयपुर में आज से तीन दिन के राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। **साइबर सुरक्षा–जागरुकता, सरंक्षण और न्याय तक पहुंच** विषय पर हो रहे इस सम्मेलन का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत आज शाम सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे। सम्मेलन के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक सीजे संजीव प्रकाश शर्मा की अगुवाई में रालसा की कई नई पहलों की शुरूआत होगी।

000

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि एआई एक क्रांति है और इसका विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक उपयोग दक्षता को बढ़ाने वाला है। इससे लोगों को काफी फायदा मिल सकता है। आज जोधपुर हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एआई जटिल समस्याओं को त्वरित गति से सुलझाने की क्षमता रखता है। श्री गहलोत ने प्रदेशवासियों से एआई का उपयोग करने का आग्रह किया।

....

000

भारतीय वायु सेना के हैलीकॉप्टरों के रोमांचक और हैरतअंगेज़ कारनामे आज जयपुर में नजर आएंगे। वायु सेना की ओर से जलमहल पर दोपहर में होने वाले इस एयर शो में सूर्यकिरण और सारंग हैलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम आकर्षण का केन्द्र रहेगी। विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम सौ से हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ते हुए कई तरह की आकर्षक आकृतियां बनाएंगी। वहीं सारंग हैलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने करतबों में सटीक टाइमिंग और शानदार फॉर्मेशन दर्शाएगी। उन्होंने बताया कि एयर शो सिर्फ मनोरंजन ही नहीं है, इसके माध्यम से युवाओं को भारतीय सेना में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। एयर शो को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। शो का आयोजन 22 फरवरी को भी किया जाएगा।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से लोक कला संगम शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के 400 से ज्यादा कलाकार 50 से अधिक लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर शिल्पग्राम में कला और हस्तशिल्प प्रदर्शनी भी लगाई गई है। उधर, कल से दो दिन के कोटा महोत्सव की शुरूआत होगी। शौर्य घाट चंबल रिवर फ्रंट पर होने वाले इस आयोजन में लोक कलाओं के रंग के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं, वर्कशॉप और बैंड वादन का कार्यक्रम रखा गया है।

000

सीकर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्याम जी का फाल्गुनी लक्खी मेला कल से शुरू हो रहा है। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। भक्तों की कतारों को व्यवस्थित करने के लिए जिग–जैग लाइनें बनाई गई हैं। खाटूश्याम–रींगस मार्ग को पूरी तरह नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है। इस बीच, उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से खाटूश्याम जी मेले और होली पर बढ़ते यात्री भार को देखते हुए कई विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और रेलगाड़ियां चलाने के प्रयास किये जाएंगे।

000

पाली में कल से राजसखी मेला शुरू होगा। रामलीला मैदान में ये आयोजन 27 फरवरी तक चलेगा। महिला सशक्तिकरण को बढावा देने और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बने उत्पादों की बिक्री के प्रयास मेले के माध्यम से किये जाएंगे। इसके साथ ही महिला उद्यमिता पर कार्यशाला भी रखी जाएगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम के लिए सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है।

000